अनुक्रमांक .................................... समय : 1.00 घण्टा

नाम ............................................ पूर्णांक : 25

# प्रश्न-पुस्तिका
# तृतीय सेमेस्टर – 2023
## (विज्ञान)

**निर्देश :**

1. सभी प्रश्न अनिवार्य हैं। प्रत्येक प्रश्न के निर्धारित अंक प्रश्न के सम्मुख दिये गये हैं।
2. इस प्रश्न-पत्र में तीन प्रकार के प्रश्न हैं। वस्तुनिष्ठ प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखें। अति लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग तीस (30) शब्दों में, लघु उत्तरीय प्रश्नों के उत्तर लगभग पचास (50) शब्दों में लिखिए।

---

## वस्तुनिष्ठ प्रश्न

**1.** एसीटिलीन का रासायनिक सूत्र है— **(1)**

(A) CH 4 (B) C 2 H 6

(C) C 2 H 4 (D) C 2 H 2

**2.** निकट दृष्टि दोष को दूर करने के लिए प्रयोग किया जाता है— **(1)**

(A) उत्तल लेंस (B) उत्तल दर्पण

(C) अवतल लेंस (D) अवतल दर्पण

**3.** समुद्री तल पर दाबमापी के पारे की ऊँचाई होती है— **(1)**

(A) 80 सेमी (B) 76 सेमी

(C) 60 सेमी (D) 100 सेमी

**4.** निम्नलिखित में से पत्ती से सम्बन्धित अंग नहीं है— **(1)**

(A) पर्णाधार (B) पर्णवृन्त

(C) पर्वसन्धियाँ (D) पर्णफलक

**5.** कार्बन का अक्रिस्टलीय अपररूप है— **(1)**

(A) ग्रेफाइट (B) फुलरीन

(C) चारकोल (D) हीरा

## अति लघु उत्तरीय प्रश्न

**6.** ऊष्मा संचरण की तीन विधियाँ कौन-कौन सी हैं? उनके नाम बताइए। **(1)**

**7.** रेगिस्तान का जहाज किसे कहते हैं? **(1)**

**8.** खाने का सोडा और धावन सोडा का रासायनिक सूत्र लिखिए। **(1)**

**9.** मछली तथा तिलचट्टे के श्वसन अंगों के नाम लिखिए। **(1)**

**10.** पेट्रोलियम को द्रव सोना (Liquid Gold) क्यों कहा जाता है? **(1)**

**11.** अनुप्रस्थ तरंगों में दो श्रृंगों (शीर्षों) के बीच की दूरी क्या कहलाती है? **(1)**

## लघु उत्तरीय प्रश्न

**12.** प्रकाश के अपवर्तन के नियम लिखिए। **(2)**

**13.** भोज्य पदार्थों के परिरक्षण (Food Preservation) से आप क्या समझते हैं? स्पष्ट कीजिए। **(2)**

**14.** जीवाणु कोशिका की संरचना का नामांकित चित्र बनाइए। **(2)**

**15.** मधुमेह (डायबिटीज) क्यों होता है? इसके प्रकार, कारण तथा लक्षण लिखिए। **(2)**

**16.** हाइड्रोकार्बन यौगिक क्या होते हैं? उदाहरण देकर समझाइए। **(2)**

**17.** किसी गुब्बारे में हाइड्रोजन गैस भरकर छोड़ने पर वह ऊपर उठने लगता है, क्यों? **(2)**

**18.** ओजोन परत अवक्षय से आप क्या समझते हैं? इसके कारणों पर संक्षिप्त टिप्पणी कीजिए। **(2)**

**UPDELEDSTUDY.IN**

1. इस प्रश्न-पत्र का विस्तृत हल यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/pyqs/semester-3/vigyan/2023

2. विज्ञान का MCQ टेस्ट यहाँ दें:
https://updeledstudy.in/mcq-tests/semester-3/vigyan/

3. विज्ञान के नोट्स यहाँ देखें:
https://updeledstudy.in/study-materials/semester-3/vigyan/

**हमसे जुड़ें**
Telegram: https://t.me/updeledstudyin
YouTube: https://youtube.com/@updeledstudyin

© UPDELEDSTUDY.IN